23/11/2020 (1100 बजे)

बी.डी. मार्ग में बने 76 एमपी फ्लैट्स का माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण के अवसर पर संबोधन

- सर्वप्रथम, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या में से मेरे आग्रह पर माननीय सदस्यों के लिए बनाये गए इन आवासों के लोकार्पण के लिए समय निकाला।

- इन आवासों का निर्माण कार्य लोक सभा सचिवालय, शहरी विकास मंत्रालय तथा CPWD के सम्मिलित प्रयासों से 20 अगस्त 2018 को प्रारंभ हुआ था। लगभग 27 महीनों में 188 करोड़ रुपये की लागत से तीन टावर में स्थित इन 76 आवासों का निर्माण कार्य संपन्न किया गया है। आशा है कि इनके निर्माण से माननीय सांसदों के लिए पर्याप्त संख्या में आवासों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उनकी आवास सम्बन्धी समस्या का समाधान हो पायेगा।

- इन आवासों को पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 21वीं सदी के अनुरूप सभी आधुनिक सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था से युक्त बनाया गया है। इन टॉवर्स का नामकरण गंगा, यमुना एवं सरस्वती के रूप में किया गया है। टावर के सबसे ऊपरी तल पर पार्टी लाउंज के साथ-साथ सुसज्जित टेरेस गार्डन भी बनाया गया है।

- 412 वर्गमीटर के क्षेत्रफल वाले एम.पी. फ्लैट्स में 45 वर्ग मीटर के दो स्टाफ क्वार्टर भी निर्मित किए गए हैं। मुख्य आवास में तीन बेड रूम, एक गेस्ट रूम, एक कार्यालय, एक फैमिली लाउंज, एक पूजा रूम, एक डाइनिंग कम ड्राइंग हॉल, किचन एवं स्टोर रूम की व्यवस्था की गई है।

- इन नए आवासों के निर्माण कार्य में उच्चतम स्तर की गुणवत्ता एवं निर्बाध रूप से बिजली, पानी आदि की आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में मैंने स्वयं संबंधित विभागों एवं निकायों के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कीं।

- कोविड-19 के मुश्किल समय में इस निर्माण कार्य को समय से पूरा करना एक चुनौती थी, फिर भी तमाम मुश्किलों के बीच सभी संबंधित पक्षों ने पूरी तत्परता और निष्ठा से इस कार्य को एक मिशन के रूप में पूरा किया है।

- मैं आपसे यह भी बताना चाहता हूँ कि आवासों के निर्माण में स्वास्थ्य की अनुकूलता और वास्तु का ध्यान रखा गया है।

- इनमें उच्च कोटि की निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है ताकि ये आवास आरामदायक होने के साथ साथ दीर्घ काल तक उपयोग में लाये जा सकें।

- इस आवासीय परिसर में एक कम्यूनिटी हॉल भी बनाया गया है जो कि माननीय सदस्यों द्वारा जरूरत के अनुसार समय-समय पर इस्तेमाल किया जा सके। इसके साथ दो कमरे प्रबंधकर्ताओं के लिए भी हैं।

- यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज इस आवासीय परिसर का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से सम्पन्न हो रहा है, जिनके स्वत: स्फूर्त एवं अभिनव विचारों से सभी भारतवासी प्रभावित हैं। यह भी अत्यन्त गौरव

का विषय है कि पिछले वर्ष 19 अगस्त 2019 को नॉर्थ एवेन्यू में 36 डूप्लेक्स आवासों का लोकार्पण भी माननीय प्रधानमंत्री जी ने ही किया था।

- इस अवसर पर मैं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, सीपीडब्ल्यूडी एवं अपने सचिवालय के अधिकारियों सहित उन सभी व्यक्तियों को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए समय पर पूर्ण किया है।
- **यह भी एक बडी उपलब्धि है कि इस पूरे निर्माण कार्य में पूर्व अनुमानित बजट की तुलना में लगभग 30 करोड रूपये की बचत भी की गई है।**
- इन्हीं शब्दों के साथ, मैं पुनः माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।
- जय हिन्द।